
**छापामार कार्रवाई** — 40 लाख का ऑनलाइन कारोबार पकड़ा, पुलिस ने जब्त किए 17 मोबाइल और लैपटॉप, तीन आरोपी सलाखों के पीछे

# किराए के मकान से चल रहा था सट्टा नेटवर्क





**कटरा।** आईपीएल के रोमांच के बीच मंडला पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने शहर के कटरा क्षेत्र में दबिश देकर करीब 40 लाख रुपये के आईपीएल सट्टा रैकेट का खुलासा किया है। इस कार्यवाही में पुलिस ने जबलपुर निवासी तीन सट्टेबाजों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है, जो एक किराए के मकान से अपना काला कारोबार संचालित कर रहे थे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध गतिविधियों पर निगरानी के निर्देशों के तहत कोतवाली पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि कटरा स्थित एक किराए के मकान में कुछ बाहरी व्यक्ति आईपीएल मैचों पर दांव लगवा रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने बताए गए ठिकाने पर अचानक दबिश दी, जहाँ आरोपी ऑनलाइन सट्टा संचालित करते पाए गए।

### जबलपुर से आकर यहां फैलाया था जाल

पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का मुख्य सूत्रधार जमुना प्रसाद पटेल है, जिसने जबलपुर से आकर जिले में मकान किराए पर लिया था। आरोपियों ने सट्टा राशि के लेन-देन के लिए एक फर्जी कंपनी के खाते का सहारा लिया था ताकि सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बच सकें। जांच में यह तथ्य उजागर हुआ कि अब तक इस रैकेट के माध्यम से लगभग 40 लाख रुपये का सट्टा लगाया जा चुका है।

### भारी मात्रा में तकनीकी उपकरण भी जब्त

बताया गया कि गिरफ्तार आरोपियों में जमुना प्रसाद पटेल उर्फ लालू 38 वर्ष निवासी शारदा चौक, गढ़ा, जबलपुर, शुभम कोरी 24 वर्ष निवासी बेदीनगर, गढ़ा, जबलपुर और आकाश राजभर 26 वर्ष निवासी लालमाटी, घमापुर, जबलपुर को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने मौके से सट्टा संचालन में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों का जखीरा बरामद किया है। जब्त सामग्री में 17 मोबाइल फोन (9 की-पैड और 8 एंड्रॉयड), 01 लैपटॉप, वाई-फाई राउटर, कॉल रिसीवर पेटी, वॉयस रिकॉर्डर, इन्वर्टर-बैटरी, सट्टा हिसाब का रजिस्टर, दो मोटरसाइकिल और नगद राशि शामिल है।

### पुलिस टीम की सराहना

इस बड़ी कार्यवाही में थाना प्रभारी शफीक खान, उप निरीक्षक संजीव उईके, सउनि भुवनेश्वर वामनकर सहित आरक्षक रमेश, प्रियांश, मृदुल, पुनीत, जोगेन्द्र और जगदीश की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों और उनसे जुड़े अन्य स्थानीय संपर्कों की गहनता से जांच कर रही है, जिससे इस नेटवर्क की अन्य कड़ियाँ भी उजागर हो सकें।



# जल बचाओ अभियान को मिली नई धार

**नारायणगंज में निकाली गई जन जागरूकता रैली**

**नारायणगंज।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत विकासखंड नारायणगंज में जन जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जल बचाने का संदेश दिया गया। इस अभियान के माध्यम से परिषद ने 'जल शक्ति से नवभक्ति, शुद्ध जल-स्वच्छ जल' का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया।

रैली के दौरान आम नागरिकों, राहगीरों और यात्रियों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ जल के सदुपयोग के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित जनसमुदाय से अपील की गई कि वे पानी की एक-एक बूंद की महत्ता समझें और प्यासे पशु-पक्षियों को भी पानी उपलब्ध कराएं।

इस अभियान के तहत विकासखंड नारायणगंज के विभिन्न ग्रामों में पहले भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं और निरंतर किए जा रहे हैं। जल सेवा समागम कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा, आरती-पूजन, घाट सफाई और मानस पाठ जैसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन भी किए जा रहे हैं, जिससे लोगों में जल संरक्षण के प्रति भावनात्मक जुड़ाव बढ़े।

कार्यक्रम जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं विकासखंड समन्वयक संतोष कुमार झारिया के निर्देशन में आयोजित हो रहा है। इसमें ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्थाएं तथा सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं और परामर्शदाताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। इस अवसर पर सुरेश कुमार सोनी, राकेश कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार अग्रवाल, सुमित हथाले, कुमारी इंद्रा उईके सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




# शिविर में हुआ 44 यूनिट रक्त का संग्रहण

**सिंधी भाषा दिवस पर पेश की मानवता की मिसाल**

**अंजनिया।** सिंधी भाषा दिवस के गौरवशाली अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में सिंधु नवयुवक मंडल द्वारा मानवता की सेवा के संकल्प के साथ रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में समाज के युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कुल 44 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सकों और सामाजिक सलाहकारों की उपस्थिति में भगवान झूलेलाल के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। आयोजन में डॉ. प्रहलाद क्षत्री, डॉ. राहुल पमनानी, डॉ. शालू वीरानी, डॉ. वसुंधरा पमनानी और चिकित्सा सलाहकार श्याम लालवानी सहित सिंधी पंचायत के पदाधिकारी मौजूद रहे।शिविर में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एकत्रित किया गया रक्त जिला ब्लड बैंक को सुपुर्द किया गया है। आयोजन को सफल बनाने में जिला चिकित्सालय के मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंशुल शर्मा, पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. योगेश सिरश्याम और ब्लड बैंक की टीम का सराहनीय योगदान रहा। आयोजकों द्वारा सभी के लिए स्वल्पाहार और जूस की विशेष व्यवस्था की गई थी।

# डिठौरी के बरबसपुर में जल मंदिर प्याऊ किया गया शुभारंभ



**नैनपुर।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनअभियान परिषद की पहल से नैनपुर विकासखंड में जल संरक्षण और जनसेवा के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सेक्टर क्रमांक 03 डिठौरी अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में नवांकुर संस्था तेजस्विनी महिला शक्ति संघ नैनपुर द्वारा जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना की गई।

बताया गया कि ग्राम के बजरंगबली चौराहे पर मिट्टी के घड़ों के माध्यम से प्याऊ स्थापित किया गया, जिससे राहगीरों को गर्मी के मौसम में ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। यह पहल जल शक्ति से नव भक्ति (सुरक्षित जल-समृद्ध कल) की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान जल चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल के महत्व तथा जल के दुरुपयोग को रोकने के उपायों की जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को नलों में टोटी का उपयोग करने और जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।

इस पहल से न केवल ग्रामवासी बल्कि राहगीर भी चौराहे पर रुककर छांव में ठहरते हुए ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सकेंगे। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष भगवानदास झारिया, सचिव नारायण प्रसाद गोहिया, उपसरपंच धर्मेन्द्र झारिया, ग्राम पटेल झारिया, नवांकुर संस्था की सचिव श्रीमती ऊषा साहू, परामर्शदाता अंजय विश्वकर्मा सहित समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**मलपहारी में जल गंगा अभियान के तहत जल मंदिर स्थापित**



**मोहगांव।** मोहगांव विकासखंड के ग्राम मलपहारी के सेक्टर 1 में जनअभियान परिषद के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं ब्लॉक समन्वयक नेम लाल धुर्वे के निर्देशन में बुढ़नेर नाला की सफाई और जल संरक्षण को लेकर जागरूकता गतिविधियां की गई। इस दौरान नवांकुर संस्था व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा गांव के चौराहे पर मिट्टी के घड़ों से जल मंदिर (प्याऊ) स्थापित किया गया, जिससे राहगीरों को ठंडा पानी मिल सके। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही तथा जल है तो कल है का संदेश देते हुए शपथ दिलाई गई।

# ओबीसी अधिकारों को लेकर उग्र प्रदर्शन, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**नवभारत, जबलपुर।** संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जबलपुर द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती एवं संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर घंटाघर चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम पाँच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। मोर्चा की प्रमुख मांगों में 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' नीति लागू करना, जनगणना में ओबीसी का अलग कॉलम, जनसंख्या के अनुपात में शिक्षा-रोजगार में प्रतिनिधित्व, महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को आरक्षण के भीतर आरक्षण तथा ईवीएम हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग शामिल रही। कार्यक्रम में संयोजक रामरतन यादव के नेतृत्व में बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, देवेश चौधरी, नोखे लाल प्रजा, रामराज सरपंच, एडवोकेट नरेश चक्रवर्ती, परमानंद साहू, नेम सिंह मरकाम, गया प्रसाद कुशवाहा, राजकुमार यादव, संजय प्रजापति, वृंदावन वर्मा, धर्मेंद्र कुशवाहा, जोगिंदर प्रजापति, रज्जन यादव, इंद्र कुमार कुलस्ते, राजेंद्र पिल्ले, राजेंद्र केवट, सलीम मंसूरी, इस्तकार अहमद, मुन्ना, रंजीत सोनी, एकता साहू, दीपांशु साहू, धनराज सिंह पुसाम, उमेश यादव, शारदा यादव, अमित पांडे, सोनेलाल कुशवाहा, विनोद कोल, नरेश सिंह कुलस्ते, बाल कृष्णा उईके सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## युवक पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में शराब पीने रूपए न देने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम संजय अहिरवार 21 वर्ष निवासी रामलला मंदिर के पास पुरानी बस्ती ग्वारीघाट ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि साउथ एवेन्यू माल मूवी मैजिक में हाउस कीपिंग का हेड ब्याय है सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक डूयटी थी दोपहर करीब 1 बजे वह मूवी मैजिक के रसोई घर में काम कर रहे सफाई कर्मचारी को चैक करने गया, तभी किचन में काम करने वाला अर्पित वर्मा ने बोला कि आज तेरे से शराब पीना है, शराब पीने के लिये 500 रूपये दे उसने पैसे देने से मना किया तो उसके साथ हाथ घूसो से मारने लगा और वहीं किचन में रखी सब्जी काटने वाली चाकू उठा कर मारा जिससे उसके सिर में चोट आ गई।



# स्वच्छता का जन-आंदोलन पकड़ रहा गति

**अब पार्षद और जनता ने थामी झाड़ू**

**नवभारत, जबलपुर।** शहर को स्वच्छता के शिखर पर पहुँचाने के लिए नगर निगम का अभियान अब एक जन-आंदोलन बनता जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास युद्ध लगातार जारी हैं। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता तभी स्थाई होगी जब इसमें हर नागरिक की भागीदारी होगी। स्वच्छता के प्रति इसी समर्पण की एक प्रेरक तस्वीर चेरीताल वार्ड में देखने को मिली। यहाँ स्थानीय पार्षद प्रतिभा भापकर ने केवल निर्देशों तक सीमित न रहकर स्वयं जमीन पर उतरकर कमान संभाली। वार्ड की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर झाड़ू थामी और सड़कों की सफाई की। इस अभियान की खास बात यह रही कि यहाँ केवल कचरा ही नहीं हटाया गया, बल्कि वार्ड को 'विजुअल ट्रीट' देने का प्रयास भी हुआ। पार्षद और उनके साथियों ने मिलकर वार्ड की दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग बनाई। कला के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने की इस पहल की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की है।वहीं आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने दोहराया कि जबलपुर को स्वच्छ बनाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर कॉलेज छात्रा से ठगी

**धोखाधडी का प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत कांचघर निवासी एक कॉलेज छात्रा को वर्क फ्रॉम होम के नाम पर एक लाख चार हजार रूपए का चूना लगा दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक कु. अलीसा सैमुअल 21 वर्ष निवासी कांचघर समदड़िया कॉलोनी घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सेंट अलासियस कॉलेज से बीए की पढ़ाई कर रही है लगभग 3 माह पूर्व अपने मामा की शादी में रायपुर छत्तीसगढ़ गयी थी उसी दौरान रायपुर में उसे टेलीग्राम के माध्यम से यूजर कनिका सिंह रिशेपनिष्ट द्वारा वर्क फ्रॉम होम का जॉब आफर किया जिसमें यू ट्यूब के वीडियोज लाईन करने थे और पेमेन्ट रिसीव करने के लिये आनलाईन ट्रेडिंग उनके द्वारा भेजी गयी साईड पर करना था जिस पर उन्हौंने कहा कि पेमेन्ट आनलाईन स्कैनर भेजा उस पर पैसे डालना था तो उसके द्वारा गूगल पे के माध्यम से उनके द्वारा भेजे गये स्कैनर पर शुरूआत में 1 हजार रूपये, 1500 रूपये भेजे गये थे फिर उनके द्वारा अलग अलग यूपीआई नम्बर भेजने पर उसके द्वारा 11 हजार 495 रूपये, 4 हजार रूपये, 9 हजार 900 रूपये तथा उसके खाता में पैसे खत्म हो गये थे तो उसने अपने दोस्त क्रिस्टोफर रस्टिन के खाते से 5500 रूपये, 13 हजार रूपये, 50 हजार रूपये, 8 हजार रूपये डलवाये थे अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके साथ धोखाधड़ी कर उससे कुल 1 लाख 4 हजार रूपये का ट्रांजेक्शन गूगल पे के माध्यम किया गया है।

**जैविक हाट** — कृषि उपज मंडी में लगा जैविक हाट बना लोगों की पसंद

# भिलवां और महुआ के उत्पाद रहे आकर्षण का केंद्र



**नवभारत, जबलपुर।** कृषि उपज मंडी जबलपुर में प्रत्येक रविवार को लगाये जा रहे साप्ताहिक जैविक हाट में इस रविवार को भी नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति दिखाई दी। जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से आयोजित इस हाट में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है।

जैविक हाट में उपभोक्ताओं द्वारा रसायन मुक्त एवं ताजे कृषि उत्पादों की खरीदारी में विशेष दिलचस्पी दिखाई जा रही है, जिससे किसानों को सीधे बाजार उपलब्ध हो रहा है और उनकी आय में वृद्धि के अवसर भी बढ़ रहे हैं। जैविक हाट में कुंडम क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी के भिलावा एवं महुआ आधारित उत्पादों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और इन्हें काफी पसंद किया गया। जैविक हाट में उपभोक्ताओं ने किसानों से सीधे संवाद भी किया और उत्पादों की गुणवत्ता एवं उत्पादन पद्धति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। नागरिकों ने बताया कि किसानों से सीधे खरीदारी करने से उत्पादों की शुद्धता के प्रति विश्वास बढ़ता है तथा ताजे एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध होते हैं। कई उपभोक्ताओं ने नियमित रूप से जैविक हाट से खरीदारी करने की बात भी कही

### उप संचालक ने किया निरीक्षण

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने जैविक हाट का निरीक्षण कर किसानों एवं उपभोक्ताओं से चर्चा की। अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा श्रीमती मनीषा पटेल के नेतृत्व में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे एस राठौर, कृषि विस्तार अधिकारी वृषभान अहिरवार, अदिति सिंह, प्राची बर्मन, साक्षी तिवारी, सुमित पाटकर, काजल पांडे, साहब लाल पटेल एवं साक्षी ओझा ने जैविक हाट के सफल संचालन की जिम्मेदारी निभाई गई।



**31 कृषकों ने किया उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय**

जैविक हाट में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए लगभग 31 कृषकों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। हाट में हरी सब्जियां, फल, अनाज, दलहन, मोटे अनाज (मिलेट्स), देशी घी, दुग्ध उत्पाद सहित विभिन्न रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध रहे। गन्ने का ताजा रस, कच्ची घानी से तैयार सरसों, मूंगफली एवं अलसी का तेल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।